कार्यालय कलेक्टर, जिला-अलीराजपुर(म.प्र.)

Phone No. 07394-234440 Email-Collector.arp@gmail.com

क्रमांक/2488/एडीएम/2024

अलीराजपुर, दिनांक 03.9 08.2024

- आदेश -

मध्यप्रदेश शासन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, भोपाल के आदेश कमांक- 2031/A-11/2024/ नि.म.क / भोपाल, दिनांक : 24/08/2044 के अनुसार जिला स्तर पर निवेश को सुगम बनाने, निवेशकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने एवं निवेश परियोजनाओं को क्रियान्वित/ स्थापित करने हेतु आवश्यक ज़िला स्तरीय अनुमतियाँ /सम्मतियों / अनुज्ञप्तियॉ को निर्धारित समयावधि में प्रदान करने के लिए केंद्रीकृत व्यवस्था निर्मित करने हेतु केन्द्र के नोडल अधिकारी के रूप नामांकित करने के निर्देश प्राप्त हुए है।

उक्त सम्यक अनुक्रम में **श्री विरेन्द्र सिंह बघेल, संयुक्त कलेक्टर एंव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-जोबट, जिला-अलीराजपुर को केन्द्र के नोडल अधिकारी** के रूप में नामांकित किया जाता है ।

केन्द्र के नोडल अधिकारी के कर्तव्य निम्नानुसार होंगे :-

1. जिला कलेक्टर कार्यालय में सुगोचर स्थान पर निवेश प्रोत्साहन केन्द्र Investment Facilitation Center) की स्थापना की जाये।
2. निवेश प्रोत्साहन केन्द्र सुसज्जित कक्ष में स्थापित होगा, जहाँ निवेशकों के बैठने हेतु उचित एवं सम्माननीय व्यवस्था एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अन्य आवश्यक सुविधाएं, संचार एवं संवाद के समस्त नवीन संसाधन उपलब्ध कराये जायें।
3. केंद्र में पधारे समस्त निवेशकों का अद्योहस्ताक्षकर्ता से संवाद स्थापित कराना।
4. निवेश हेतु आवश्यक समस्त वैधानिक अनुमतियाँ /सम्मतियों/अनुज्ञप्तियों का चिन्हांकन / सूचीबद्ध करना।
5. निवेशक का आवेदन / प्रकरण संबंधित विभागों को प्रेषित करना एवं पूर्ति / समाधान कराकर वापिस प्राप्त करना।
6. निवेश परियोजना / उद्योग की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही करना, जिनका निराकरण ज़िला स्तर पर निराकरण न संभव हो, को निवेश परियोजना की श्रेणी के अनुरूप उसे प्रमुख सचिव सचिव, म.प्र. शासन, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग / विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग / पर्यटन विभाग / सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग आदि को समुचित कार्यवाही के लिए अग्रेषित करना।
7. नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए जिले में उपलब्ध अविकसित शासकीय भूमि चिन्हांकित करना एवं चिन्हित भूमि को औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग / सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग / विज्ञान एवं

MSME 9/9/24

क्र. 227 दिनांक 09/09/2024

प्रौद्योगिकी विभाग व अन्य विभागों को हस्तांतरित कराने हेतु जिला स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करना।

8. जिले में उपलब्ध स्थानीय संसाधनों एवं इण्डस्ट्रीयल इको-सिस्टम की संकलित जानकारी रखना जिससे केंद्र में आने वाले निवेशकों को जानकारी दी जा सके।
9. निवेश परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को अद्योहस्ताक्षरकर्ता के ध्यान में लाकर उसे जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एंव समन्वय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना।
10. केंद्र में निवेश परियोजनाओं के प्राप्त आवेदन /प्रकरणों का सार एंव उनके निराकरण की अद्यतन स्थिति तैयार कर जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एंव समन्वय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना।

(डॉ. अभय अरविंद बेडेकर)
कलेक्टर
जिला अलीराजपुर (म.प्र.)

पृ.क्रं./ 2489 /एडीएम/2024 अलीराजपुर,दिनांक 03 .~~08~~.2024 09

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन ,मध्यप्रदेश शासन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, भोपाल।
2. आयुक्त, इंदौर संभाग इंदौर ।
3. वन मंडलाधिकारी, जिला अलीराजपुर।
4. महाप्रबंधक, एम.पी.आई.डी.सी. जिला-अलीराजपुर ।
5. परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी ....।
6. कार्यपालन यंत्री , मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, जिला अलीराजपुर।
7. नगर एंव ग्राम निवेश अधिकारी, जिला झाबुआ ।
8. श्रमपदाधिकारी , जिला अलीराजपुर।
9. उपायुक्त/सहायक आयुक्त , राज्य कर जिला........................ ।
10. क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल जिला-अलीराजपुर/धार।
11. जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक जिला अलीराजपुर।
12. जिला खनिज अधिकारी, जिला अलीराजपुर ।
13. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका नगर परिषद - अलीराजपुर/चंद्रशेखर आजाद नगर/जोबट।
14. महाप्रबंधक, जिला व्यापार एंव उद्योग केन्द्र जिला अलीराजपुर।
15. **श्री विरेन्द्र सिंह रावत, संयुक्त कलेक्टर एंव केन्द्र के नोडल अधिकारी, जिला अलीराजपुर** की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
16. स्टेनो-टू-कलेक्टर/ जिला नाजीर जिला -अलीराजपुर।

2/8/24

कलेक्टर
जिला अलीराजपुर (म.प्र.)